**प्रेस नोट –**

**थाना समथर जनपद झाँसी**

**दिनांक 11.09.2026**

❖**झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**

❖**थाना समथर पुलिस द्वारा 08 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

❖**अभियुक्तों के कब्जे से 01 मोटरसाइकिल बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनांक 11.09.2026 को थाना समथर पुलिस द्वारा पहाड़ पुरा नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पहाड़पुरा नहर पुल से करीब 100 मी0 की दूरी पर अभियुक्त 1. विशाल यादव पुत्र धीरेन्द्र सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी खेरे ऊपर सुभाष नगर थाना पूँछ जनपद झांसी 2. रविन्द्र यादव पुत्र गोविन्द सिंह उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मोहल्ला खेरे ऊपर सुभाष नगर थाना पूँछ जनपद झाँसी को कुल 08 किलोग्राम अवैध गांजा एवं 01 मोटरसाइकिल संख्या UP93AC7423 के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त संबंध में थाना समथर पर दिनांक 11.09.2026 को मु0अ0सं0-134/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई। अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

बरामद मोटरसाइकिल संख्या UP93AC7423 को धारा 207 एम0वी0 एक्ट के अंतर्गत ई-चालान के माध्यम से सीज किया गया।

**बरामदगीः-**

**1.** कुल 08 किलोग्राम अवैध गांजा

**2.** 01 मोटरसाइकिल संख्या UP93AC7423

## गिरफ्तार करने वाली थाना पुलिस टीम –

1. श्री अतुल कुमार राजपूत थाना समथर जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री राजकुमार सिंह थाना समथर झाँसी
3. रि0कां0 रोहित कुमार यादव
4. रि0कां0 प्रभाकर सिंह